# उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,
## ग्राम्य विकास,आजीविका भवन
## तपोवन रोड रायपुर देहरादून,
## उत्तराखण्ड – पिन 248001

वेबसाईट: www.//usrlm.uk.gov.in

संख्या 228 / 485 / यू0एस0आर0एल0एम0 / 2021 दिनाक: 27 जुलाई 2021,

:: विज्ञप्ति ::

उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ देहरादून में एन0आर0एल0एम0 के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित प्रतिनियुक्ति के पदों को **सेवा स्थानान्तरण** के आधार पर भरे जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत इच्छुक कर्मचारी/अधिकारी जो निम्न पदो के **सम्मुख स्तम्भ– 3 एंव 05** में अंकित अर्हता रखते हैं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। यू0एस0आर0एल0एम0 में तैनात किये जाने वाले कर्मचारी/अधिकारी की सेवायें परियोजना संचालित क्षेत्र में कार्य की उभरती आवश्यकता के आधार पर निर्धारित की जायेगा । अतः राज्य स्तर पर मिशन के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित पदों पर **सेवा स्थानान्तरण** हेतु आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमंत्रित किये जाते है।

| क0 स0 | पदनाम | वेतनबैण्ड / संशोधित वेतन मैट्रिक्स | पदों की संख्या | सेवा स्थानान्तरण पद पर तैनाती हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राज्य मिशन प्रबन्धक–वित्त एंव प्रोक्योरमेण्ट | पे–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 6600.00<br>**वर्तमान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–11<br>(67700–208700)<br>के अधिकारी की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | राज्य अधीन विभिन्न वित्तीय सेवाओं /बैक सेवा के निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव के अधिकारी।<br>पै–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 6600.00 के अधिकारी। प्रबन्धन में डिग्री/डिप्लोमा तथा अंग्रेजी लेखन में प्रवीणता के साथ वित्तीय प्रबन्धन व प्रोक्योरमण्ट सम्बन्धी कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव, अंग्रेजी में वार्तालाप व लेखन में प्रवीणता , कम्प्यूटर में एकाउण्ट/Tally पैकेज पर कार्य करने का अनुभव। |
| 2 | राज्य मिशन प्रबन्धक मूल्याकंन, अनुश्रवण प्रकाशन, अभिलेखीकरण | पे–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 6600.00<br>**वर्तमान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–11<br>(67700–208700)<br>के अधिकारी की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | राज्य अधीन विभिन्न सेवाओं /बैक सेवा के निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव के अधिकारी पे–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 6600.00 के अधिकारी। ग्रामीण विकास सम्बन्धी परियोजनाओं के मूल्यांकन अनुश्रवण तथा अभिलेखीकरण में कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव, अंग्रेजी में वार्तालाप व लेखन में प्रवीणता ,कम्प्यूटर कार्य करने की प्रवीणता। |
| 3 | राज्य मिशन प्रबन्धक–मानव संसाधन एवं जेण्डर विकास | पे–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 6600.00<br>**वर्ममान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–11<br>(67700–208700)<br>के अधिकारी की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | राज्य अधीन विभिन्न सेवाओं/बैक सेवा के निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव के अधिकारी पे–बैण्ड III रू0 6600.00 के अधिकारी। प्रशिक्षण कौशल विकास सामाजिक अभिप्रेरण जेन्डर विकास में कम से कम 5 वर्ष का कार्य करने का अनुभव,अंग्रेजी में वार्तालाप व लेखन में प्रवीणता, कम्प्यूटर कार्य करने की प्रवीणता। |
| 4 | मिशन प्रबन्धक प्रोक्योमेन्ट | पे–बैण्ड III तथा ग्रेड –पे रू0 5400.00<br>**वर्तमान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–10 (56100–177500)<br>के (राजपत्रिक अधिकारी) की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | राजकीय सेवा में पे–बैण्ड III के ग्रेड वेतन रू0 5400.00 धारित करने वाले ऐसे कार्मिक जिन्हें वित्तीय एंव प्रोक्योरमेन्ट से सम्बन्धित 05 वर्ष का अनुभव हो। |
| 5 | लेखाकार | पे–बैण्ड II तथा ग्रेड –पे रू0 4200.00<br>**वर्तमान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–06<br>(35400–112400)<br>के कर्मचारी की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | राज्य अधीन विभिन्न सेवाओं में लेखा संवर्ग के निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव के कार्मिक , जिन्हें पे–बैण्ड II के अन्तर्गत ग्रेड पे रू0 4200.00 अनुमन्य हों। लेखाकार टैली पैकेज एवं कम्प्यूटर कार्य करने में प्रवीणता,अंग्रेजी एवं हिन्दी का ज्ञान अनिवार्य। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | प्रधान सहायक | पे–बैण्ड III तथा ग्रेड–पे रू04200.00<br>**वर्तमान वेतन मैट्रिक्स**<br>लेवल–06<br>(35400–112400)<br>के कर्मचारी की नियुक्ति पर देय वेतन | 01 | (कम्प्यूटर कार्य में प्राथमिकता) अंग्रेजी एवं हिन्दी का ज्ञान। |
| | | योग– | 06 | |

अतः उक्त पदों के लिये आवेदन हेतु निर्धारित अर्हताएं एंव दक्षता व अन्य आवश्यक जानकारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विभागीय वेबसाईड www.usrlm.uk.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र **दिनांक 23 अगस्त 2021 की सायं 5.00 बजे** तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा कार्यालय दिवस को यू0एस0आर0एल0एम0 कार्यालय तपोवन रोड रायपुर देहरादून में स्वयं उपस्थित होकर जमा किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार किया जाना संभव नहीं होगा। उक्त पदों की संख्या घटाने एंव बढ़ाने तथा सम्पूर्ण प्रकिया को बिना पूर्ण सूचना के निरस्त करने का अधिकार अपर मुख्य सचिव/मिशन निदेशक,ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड शासन को निहित होगा।

**सेवा स्थानान्तरण हेतु अन्य शर्ते एंव अनुभवः–**

1– उपरोक्त पदों हेतु उत्तराखण्ड सरकार के अधीन सरकारी विभागों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होने उक्त पद पर निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली हो, उपरोक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती के पात्र होंगे।

2– अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपरी भाग पर स्पष्ट रूप से पद का नाम अंकित करना आवश्यक होगा।

3– आवेदक को समस्त शैक्षिक अर्हतायें एंव अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, अपने मूल नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई वाद लम्बित /योजित न हो व उनके विरूद्व किसी भी प्रकार की विभागीय/विजिलेन्स जांच लम्बित /प्रचलित न होने का प्रमाण–पत्र अवश्य संलग्न करनी होगी ।

4– सम्बन्धित कार्मिक का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में किसी भी समय प्रतिनियुक्ति की अवधि समाप्त कर दी जायेगी।

5–साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को समस्त मूल अभिलेख साथ में लाना अनिवार्य होगा।

6– सम्बन्धित कार्मिक को तैनाती स्थान पर साक्षात्कार/कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

7– सम्बन्धित कार्मिक को प्रतिनियुक्ति पर सेवा स्थानान्तरण माना जायेगा किसी भी प्रकार का कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।

8–प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति, गठित चयन समिति की संस्तुति के आधार पर की जायेगी तथा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने वाले कार्मिक की प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रथमतः कार्यभार ग्रहण करने कर तिथि से 03 वर्ष के लिये होगी,यदि किसी कार्मिक का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो उक्त अवधि से पूर्व ही उसकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर पैतृक विभाग को वापस लौटाया जायेगा।

(प्रदीप कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
यू.एस.आर.एल.एम.देहरादून।

पृ0 /485/ USRLM /2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।

1– समस्त, मुख्य विकास अधिकारी उत्तराखण्ड।
2– समस्त,जिला अधिकारी उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड पौडी।
4– अपर सचिव,ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
5– मुख्य कार्यकारी अधिकारी,महोदया यू0एस0आर0एल0एम0 को अवलोकनार्थ।
5– वरिष्ठ निजी सचिव,अपर मुख्य सचिव/मिशन निदेशक,ग्राम्य विकास,उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदया के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
6– सूचना पट्ट कार्यालय में चस्पा हेतु।

(प्रदीप कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
यू.एस.आर.एल.एम.देहरादून।

उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, कार्यालय देहरादून में सेवा स्थानान्तरण हेतु आवेदन पत्र का प्रारूपः–

आवेदित पद का नामः–

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. अभ्यर्थी का नाम–
2. जन्म तिथि–
3. राष्ट्रीयता–
4. पिता/पति का नाम –
5. माता का नाम–
6. पत्रव्यवहार का पता–
7. स्थाई पता–
8. मोबाईल नम्बर–
9. ई–मेल आई. डी. –
10. पैतृक विभाग का नाम एंव पता–
11. शैक्षिक योग्यताओं का विवरणः (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क0 सं0 | परीक्षा का नाम | वर्ष | श्रेणी | विषय | तकनीकी विषय का नाम (यदि कोई हो) | प्राप्तांक /पूर्णाक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

12. अधिमानी योग्यताओं का विवरण': (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. वर्तमान पद से शुरू करते करते हुये वर्तमान/पूर्व रोजगार का कालानुक्रमिक विवरण( नियोजन का नाम,पुरा पता,धारित पद, सेवा अवधि एंव कार्य स्वभाव इत्यादि सहित): पूर्ण विवरण (सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित कर) संलग्न करें।

(1) वर्तमान पद जिस पर कार्यरत हैं–
(2) पुरा वेतनमान–
(3) वर्तमान वेतन (यदि कोई हो)–
(4) विशेष वेतन (यदि कोई हो)–
(5) क्या आप इस पद पर नियमित या तदर्थ आधार पर अथवा प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण के आधार पर है–
(6) कितने अवधि से इस पद पर हैं–
(7) यदि वर्तमान पद से पहले से तदर्थ आधार पर हैं तो पद पर नियमित होने की तिथि–

14. अभ्यर्थी ने यदि कोई प्रशिक्षण लिया हो, जिसका आवेदन किये गये पद से सम्बन्ध हो–

| क0सं0 | सम्बद्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | अवधि | | संगठन का नाम जहॉ प्रशिक्षण लिया हो | प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्वरूप | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

15. पद जिस पर अभ्यर्थी स्थाई क्षमता धारित करता है–
16. अभ्यर्थी निम्न प्रारूप पर विवरण अंकित करें।

| क0सं0 | विभाग/संस्था का नाम | पद का नाम | वेतनबैण्ड/संशोधित वेतन मैट्रिक्स/लेवल | अवधि | | कुल सेवा अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से | कब तक | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

17. विषय क्षेत्र में अनुभव यदि काई हो–
18. अभ्यर्थी पर लागू सेवा नियमो के अनुसार सेवानिवृत्ति की तिथि–
19. प्रकाशित प्रतिवेदन/लेख का सुक्ष्म विवरण–
20. कोई अन्य सूचना जो देना चाहें, का स्पष्ट उल्लेख (संलग्न करें)
21. विभाग द्वारा संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र।
22. आवेदन के साथ अपने मूल नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (संलग्न करें)

घोषणा पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी .................... पुत्र/पति/पुत्री.................... घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्तानुसार उपलब्ध करायी गयी समस्त सूचनायें मेरी जानकारी में सही एंव सत्य है एंव मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा प्रेषित सूचना में कोई भी तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त किया जाय, जिस हेतु मैं कोई वाद दायर नहीं करूंगा/करूगीं । चयन समिति का अन्तिम निर्णय मुझे मान्य होगा।

स्थान–
दिनांक–
संलग्नकों की संख्या – अभ्यर्थी के हस्ताक्षर